## हे मॉडर्न महारानी!

नमस्कार है हे मॉडर्न महारानी! आप इस डिजिटल संसार के उस डेटा पैक की तरह हैं जिसके खत्म होते ही पुरुष का सारा 'सिस्टम' हँग हो जाता है। लोग कहते हैं कि विवाह एक बंधन है, पर हम तो कहते हैं कि यह वह परमानेंट 'जेल' है जिसमें कैदी खुद ही मिठाई के डिब्बे लेकर दाखिला लेने पहुंचता है। पुराने जमाने में पाणिनि ने आपके यज्ञ-संयोग की महिमा गाई थी, पर आज का शास्त्र तो कहता है कि बिना 'वाइफ' के वाई-फाई का पासवर्ड तक नसीब नहीं होता। यज्ञ-दान तो छोड़िए, बिना आपकी अनुमति के तो पुरुष अपनी फेसबुक प्रोफाइल पर 'फीलिंग हैप्पी' तक लिखने का साहस नहीं जुटा पाता।

शास्त्रीय विधान था कि बिना गृहस्थ हुए मोक्ष नहीं मिलता। आज का विधान यह है कि बिना गृहस्थ हुए आदमी को बैंक से 'होम लोन' नहीं मिलता। जो लोग देश सुधारने का बीड़ा उठाए टीवी डिबेट्स में दहाड़ते हैं, वे भी घर की दहलीज पार करते ही ऐसे 'म्यूट' हो जाते हैं जैसे किसी ने रिमोट का बटन दबा दिया हो। उनकी वीरता का सारा तेल आपकी एक तिरछी चितवन में निकल जाता है। धन्य है वह पत्नी-भक्ति, जो एक शेर को भी 'सर्कस का शेर' बना देती है जो केवल रिंग मास्टर की सीटी (यानी बेलन की खनक) पर ही करतब दिखाता है।

हे आदि रस की स्वामिनी! आज के शूरवीर साहबान, जो ऑफिस में फाइलों के ढेर पर बैठकर मुल्क का इंतजाम करने की चतुराई दिखाते हैं, वे आपके सामने आते ही ऐसे 'सरेंडर' होते हैं जैसे कोई आउटडेटेड सॉफ्टवेयर। जो साहब बड़े-बड़े घोटालों को पी जाते हैं, वे एक 'साधारण-सी' सेल या शॉपिंग की लिस्ट देखकर कर्ज में ऐसे डूबते हैं जैसे टाइटैनिक। औसत दर्जे की तनख्वाह पाने वाला बाबू महीने की दस तारीख तक आपके चरणों में अपनी सारी 'अर्थव्यवस्था' समर्पित कर खुद 'फकीर' बना घूमता है, पर मजाल है कि आपके चेहरे की चमक में एक प्रतिशत की भी गिरावट आए!

जिस घर में आप मुस्कुराती हैं, वहां क्रेडिट कार्ड की लिमिट भले ही खत्म हो जाए, पर खुशियों 'कैशबैक' की तरह बरसती रहती हैं। और जहां आपने अपना 'रौद्र रूप' धारण किया, वहां साक्षात यमराज भी बिना अपॉइंटमेंट के आने से डरते हैं। पुराने कवियों ने आपको दासी, मित्र और गुरु कहा था; आज के कवि आपको 'होम मिनिस्ट्री', 'सुप्रीम कोर्ट' और 'फाइनेंस डिपार्टमेंट' का कॉम्बो पैक मानते हैं। गजगामिनी और कोकिल-वचनी होना तो पुरानी बातें हैं, आज की पत्नी तो वह 'स्मार्टफोन' है जिसका फ्रंट कैमरा पति की हर हरकत पर 'फेस अनलॉक' लगाए बैठा है।

भर्तृहरि ने कहा था कि या तो सुंदर नारी मिले या गुफा। आज के युग में तो सुंदर नारी ही वह गुफा है जिसमें घुसने के बाद बाहर निकलने का रास्ता गूगल मैप भी नहीं बता पाता। जो वनिता-भक्त हर समय 'महारानी' के मुख की छवि निरखता हुआ ऑफिस से छुट्टी मारता है, वह भले ही दरिद्र हो जाए, पर मानसिक शांति का वह उ'च स्तर प्राप्त कर लेता है जिसे पाने के लिए ऋषि-मुनि हिमालय पर भी ठंड में ठिठुरते रह गए। अंत में यही फल-स्तुति है कि जो सब काम छोड़कर पत्नी की रील लाइक करता है, वही इस कलयुग का असली 'परमवीर' है। बाकी सब तो केवल 'यूजर' हैं, एडमिन तो आप ही हैं!

# मृत गोवंश अवशेष मामले पर कांग्रेस का मौन धरना

देवास,पवनयादव। शंकरगढ़ के पास निगम के ट्रेंचिंग ग्राउंड में मृत गोवंश के बिखरे पड़े अवशेष मिलने के विरोध में शुक्रवार को शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम के नेतृत्व में मौन धरना दिया गया। इस अवसर पर विधानसभा पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप चौधरी ने कहा कि सनातन धर्म में गाय को माता का दर्जा दिया गया है।

देवास से लेकर दिल्ली तक सरकार होने के बावजूद ट्रेंचिंग ग्राउंड पर मृत गोवंश की खाल निकालकर बेचे जाने और हड्डियां बेचे जाने जैसी घृणित घटना सामने आई है। इसके बावजूद महापौर गीता अग्रवाल ने अब तक कोई बयान नहीं दिया है। हालांकि निगम आयुक्त ने दोषी अधिकारी और कर्मचारी को निलंबित कर दिया है, लेकिन विधायक और सांसद ने भी इस मामले में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। इतनी गंभीर घटना पर जनप्रतिनिधियों का मौन रहना समझ से परे है।

उन्होंने मांग की कि महापौर गीता अग्रवाल शीघ्र माफी मांगें और अपने पद से इस्तीफा दें। साथ ही जिला प्रशासन इस मामले में संज्ञान लेकर भविष्य में ऐसी अमानवीय घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाए। शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि एक वीडियो में महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल यह कहते नजर आ रहे हैं कि उन्होंने आयुक्त को आदेश दे दिए हैं।

उन्होंने सवाल उठाया कि उन्हें ऐसा कौन सा अधिकार प्राप्त है, जिसके तहत वे आयुक्त को आदेश दे रहे हैं।

नगर निगम नियमों के विपरीत कार्य कर रही है। «गाय हमारी माता है» का नारा देने वाले भारतीय जनता पार्टी के लोग उसकी सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं हैं। उन्होंने नगर निगम से भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सख्त कदम उठाने की मांग की। धरने में कांग्रेस नेता भगवान सिंह चावड़ा, शौकत हुसैन, सुधीर शर्मा, गुरुचरण सिंह सलूजा, रोशन रायकवार, जाहिद पठान, नजर शेख, नरेंद्र यादव, विशाल यादव,आदि सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# कॉम्पफ़ीडर्स ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट में Splash 2026 का आयोजन किया गया

राऊ । विगत एक सप्ताह से जारी खेलकूद सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । जिसमें सभी विभागों के विद्यार्थियों द्वारा उत्साह पूर्वक सभी गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता दर्ज की।

मुख्य अतिथि के रूप अनिल सोनी, असिस्टेंट डायरेक्टर ओबीसी एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग एवं श्रीमति पप्पी विजय पाटीदार एवं विजय पाटीदार पूर्व पार्षद एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि राऊ नगर परिषद की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

अतिथियों द्वारा खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरुस्कार वितरण किया गया।

वर्षभर होने वाली शैक्षणिक गतिविधियों में विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर मैडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया।

इस अवसर पर प्रबन्धन समिति के सह - संस्थापक जे. सी. उपाध्याय जी की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही

संस्था प्रबन्धक अवधेश दवे , चेयरपर्सन श्रीमती मधु दवे डायरेक्टर, CA अवनी दवे द्वारा विभिन्न गतिविधियों में विजयी प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया।

मुख्य अतिथि के रूप में वॉइस आर्टिस्ट जो डिस्कवरी चैनल, प्रमुख विज्ञापनों एवं रेडियो पर अपनी प्रभावी दमदार आवाज़ से सबको प्रभावित करने वाले आशीष दवे की उपस्थिति महत्वपूर्ण थी।

आभार प्रदर्शन संस्था के डायरेक्टर दिव्यांश दवे द्वारा किया गया।

जनरल मैनेजर सीमा वर्मा रजिस्ट्रार रविन्द्र शुक्ला , आईसेक्ट कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज के प्राचार्य डॉ जसविंदर भाटिया, फार्मेसी विभाग की प्राचार्य डॉ शैली चौधरी, नर्सिंग विभाग से डॉ सुनयना निषाद , बीएड प्राचार्य डॉ संदेश आचार्य एवं सभी विभागों के प्राध्यापक गण उपस्थित रहे ।

कार्यक्रम का संचालन कृति त्रिपाठी ने किया ।

## इक्कीसवीं सदी के युद्ध परिवेश में नैतिक नेतृत्व की जरूरत पर हुआ मंथन

महू (इंदौर समाचार )आर्मी वॉर कॉलेज द्वारा मुख्यालय सेना प्रशिक्षण कमान के संयोजन में 26-27 फरवरी को कलकत ऑडिटोरियम में लीडरशिप सेमिनार 2026 का आयोजन किया गया। दो दिवसीय इस सेमिनार में इक्कीसवीं सदी के सैन्य नेतृत्व का निर्माण और नैतिक एवं मूल्य आधारित नेतृत्व विषय पर गहन विचार-विमर्श किया गया। सेमिनार का उद्घाटन आर्मी वॉर कॉलेज के कमांडेंट द्वारा किया गया, मुख्य वक्तव्य जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ ने दिया। आयोजन में लगभग 1 हजार प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें सेवारत एवं सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी शामिल रहे। सेमिनार की प्रमुख विशेषता विविध क्षेत्रों से आए वक्ताओं की भागीदारी रही। इसमें वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के साथ-साथ न्यायपालिका, अकादमिक जगत, कूटनीति, रक्षा अनुसंधान, उद्योग और प्रमुख थिंक टैंकों से जुड़े विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए। वक्ताओं ने कहा कि तेजी से बदलते सुरक्षा परिवेश, बहु-डोमेन ऑपरेशनों, सूचना युद्ध तथा स्वायत्त एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित प्रणालियों के बढ़ते उपयोग के दौर में सैन्य नेतृत्व की नैतिक दिशा पहले से अधिक प्रासंगिक हो गई है।

## महावीर जयंती समिति का गठन

देवास,अंतिमयादव। समग्र जैन समाज देवास द्वारा महावीर जयंती मनाने हेतु सर्वानुमति से उत्सव समिति का गठन हुआ। जिसमें अध्यक्ष विजय जैन , महासचिव शैलेन्द्र चौधरी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनीष जैन कायथा वाला, सचिव संजय कटारिया (सॉफ्ट एण्ड हार्ड ), कोषाध्यक्ष नितिन जैन मानव, उपाध्यक्ष पारस जैन इटावा, सहसचिव सतीश समरथमल जैन एवं संयोजक अतुल जैन त्रिमूर्ति का मनोनयन हुआ। संरक्षक दिलीप दोषी एवं नरेश भंडारी मनोनीत किए गए। कार्यकारिणी सदस्य मुकेश चौधरी, विशाल जैन, प्रदीप जैन तुमसरवाला , रिंकेश जैन , निलेश जैन , पारस जैन एवं सुनील जैन घोटू नियुक्त किए गए। आगामी 31 मार्च को समग्र जैन समाज देवास द्वारा महावीर जयंती भव्य पैमाने पर उत्साह पूर्वक मनाई जावेगी।

## परवार समाज का स्नेह सम्मेलन एवं जनगणना निर्देशिका का विमोचन

इंदौर। धर्म, समाज, संस्कृति, जीवदया, मानव सेवा एवं संतों के प्रति समर्पित नगर की दिगंबर जैन परवार समाज का स्नेह सम्मेलन एवं जनगणना निर्देशिका परवार दर्पण का विमोचन। समारोह श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन परवार समाज धार्मिक एवं पारमार्थिक ट्रस्ट इंदौर के तत्वावधान में 1 मार्च रविवार को दोपहर 1 30 बजे से दस्तूर गार्डन फूटी कोठी चौराहा इंदौर में होगा। इस अवसर पर समाज के उदार हृदय धर्म सहयोगियों का सम्मान, धार्मिक तंबोला, लकी ड्रा एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि समारोह के अतिथि होंगे मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक रमेश मेंदोला कृष्ण मुरारी मोघे, पार्षद राजीव जैन एवं वरिष्ठ समाजसेवी नरेंद्र जैन , पप्पाजी।

# 192 करोड़ की लागत से बन रहा 5 मंजिला कैंसर हॉस्पिटल अधूरा

## अक्टूबर 2025 की डेडलाइन भी निकली

इन्दौर (नवीन मौर्य) । प्रदेश की आर्थिक राजधानी इन्दौर में प्रस्तावित कैंसर हॉस्पिटल का निर्माण लंबी देरी का शिकार शहर में वर्ष 2023 से निर्माणाधीन 5 मंजिला कैंसर हॉस्पिटल अब तक पूरी तरह तैयार नहीं हो सका है। इस अस्पताल को अक्टूबर 2025 तक बनकर तैयार हो जाना था, लेकिन वर्तमान स्थिति में यहां अभी भी काफी काम बाकी है।

निर्माण कार्य की धीमी गति को लेकर स्वास्थ्य विभाग और आम लोगों के बीच चर्चा बनी हुई है। करीब 192 करोड़ रुपए की लागत से तैयार हो रहे इस अत्याधुनिक कैंसर हॉस्पिटल से क्षेत्र के मरीजों को बड़ी उम्मीदें हैं। अस्पताल भवन को आधुनिक चिकित्सा मानकों के अनुरूप डिजाइन किया गया है। इसमें विशेष रूप से दो बड़े रेडिएशन बंकर बनाए जा रहे हैं, जहां कैंसर रोधी रेडिएशन मशीनें स्थापित की जाएंगी। ये दोनों बंकर 8 मीटर बाय 8 मीटर आकार के हैं। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इनमें 1 मीटर चौड़ी मोटी कंक्रीट की दीवारें बनाई जा रही हैं, ताकि रेडिएशन का प्रभाव बाहर न फैल सके और मरीजों व स्टाफ की सुरक्षा सुनिश्चित हो।

### कैंसर उपचार में रेडिएशन थेरेपी की अहम भूमिका होती है

कैंसर हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ. रमेश आर्य ने बताया कि अस्पताल बनने से मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि अभी प्रतिदिन ओपीडी में लगभग 100 से 125 मरीज पहुंच रहे हैं। मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन मौजूदा सुविधाएं सीमित हैं। खासकर गंभीर स्थिति वाले मरीजों के लिए पर्याप्त बेड उपलब्ध नहीं हैं। वर्तमान में केवल 7 क्रिटिकल मरीजों को ही भर्ती कर उपचार दिया जा सकता है। डॉ. आर्य के अनुसार नए भवन के तैयार होने के बाद 20 से अधिक गंभीर मरीजों को एक अलग मंजिल पर रखने की सुविधा उपलब्ध होगी। यह मंजिल विशेष रूप से क्रिटिकल केयर के लिए विकसित की जाएगी। कैंसर मरीजों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है, इसलिए उन्हें संक्रमण से बचाना बेहद जरूरी होता है। अलग मंजिल पर व्यवस्थित वार्ड और बेहतर निगरानी व्यवस्था होने से संक्रमण का खतरा काफी हद तक कम किया जा सकेगा। अस्पताल में आधुनिक ऑपरेशन थिएटर, डे-केयर कीमोथेरेपी यूनिट, उन्नत डायग्नोस्टिक सुविधाएं और पर्याप्त बेड की व्यवस्था भी प्रस्तावित है। पांच मंजिला इस भवन में मरीजों और उनके परिजनों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का दावा किया जा रहा है। परियोजना पूरी होने के बाद यह अस्पताल पूरे संभाग के लिए एक प्रमुख कैंसर उपचार केंद्र के रूप में विकसित हो सकता है।

### अस्पताल निर्माण में देरी के कारण

अस्पताल निर्माण में देरी के मुख्य कारण नर्मदा लाइन का स्थानांतरण और पेड़ों का पुनरोपण रहे। इसके अलावा पुराने आवास को हटाने में भी समय लगा। पहले 80 बिस्तरों के ट्रॉमा सेंटर की योजना थी, जिसे बदलकर 321 बिस्तरों के अस्पताल में परिवर्तित किया गया। नई न्यूक्लियर मेडिसिन यूनिट के प्रावधान और योजना समायोजन में भी अतिरिक्त समय लगा। साथ ही ठेकेदार द्वारा अपेक्षित प्रगति नहीं करने पर उसकी स्लिपेज राशि में कटौती की गई और धीमी गति से काम करने पर नोटिस जारी किया गया। मशीनों को लेकर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि शेष कार्य को प्राथमिकता के आधार पर तेजी से पूरा किया जा रहा है। तकनीकी और संरचनात्मक कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप ही किया जा रहा है, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की कमी न रह जाए। रेडिएशन बंकर जैसे संवेदनशील निर्माण कार्य में अतिरिक्त सावधानी बरती जा रही है, जिससे समय थोड़ा अधिक लगना स्वाभाविक है। अब सभी की निगाहें इस परियोजना के शीघ्र पूर्ण होने पर टिकी हैं। यदि निर्माण कार्य जल्द पूरा होता है तो यह कैंसर हॉस्पिटल क्षेत्र के हजारों मरीजों के लिए राहत की बड़ी सौगात साबित होगा।

**अजय यादव कार्यपालन यंत्री लोकनिर्माण विभाग**

# जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित

देवास। कलेक्टलर ऋतुराज सिंह की अध्य क्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने शिशु स्वास्थ्य एवं मातृ स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत बच्चों एवं महिलाओं का टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं को दी जाने वाली सेवाओं प्रदायगी, आयुष्मान योजना सहित अन्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम मिशन परिवार विकास कार्यक्रम, मलेरिया, टीबी, कुष्ठ, एनआरसी, राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, आशा कार्यक्रम, एसएनसीयू, एनसीडी, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, सहित अन्य कार्यक्रमों की समीक्षा की।बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि एनीमिक गर्भवती महिलाओं को ब्लड ट्रान्सफ्यूजन कराने पर 500 रुपये तत्काल दिये जाएं। बाल मृत्यु की समीक्षा के दौरान कार्य में लापरवाही बरतने वाले आरोग्यम मंदिर दतोत्तथर सीएचओ राहुल, एएनएम श्रीमती भारती खत्री की एक-एक वेतन वृद्धि रोकने एवं आशा कार्यकर्ता श्रीमती अंनिता की प्रोत्साहन राशि में कटोत्रा करने के निर्देश दिये।

उन्होंधने जहां-जहां पर बाल मृत्यु हुई है उन सभी प्रसव केंद्रों की नर्सिंग ऑफिसर की 2-2 वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिये। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम समीक्षा में सोनकच्छ ब्लॉक की समीक्षा में 70 प्रतिशत से कम एएनसी पंजीयन करने वाली सभी एएनएम और सीएचओ की दो-दो वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए। एचबीएनसी कार्यक्रम में होम विजिट नही करने वाली आशा कार्यकर्ताओं का 15 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये। एएनएम श्रीमती रेखा मालवीय की दो वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिये। मातृ मृत्यु संबंधी प्रकरणों मे लापरवाही बरतने वाली 3 आशाओं द्वारा फर्जी रिपोर्टिंग करने पर 15 दिन का मानदेय काटने के निर्देश दिये। कलेक्टरर ने गर्भवती महिलाओं के खान-पान की जांच करवाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिये। उन्होंशने कहा कि गर्भवती महिला से लेकर नवजात की सेवा प्रदायगी में आशा की मुख्य भूमिका है। ब्लॉक अकाउन्ट मैनेजर, सीएचओ, मेडिकल ऑफिसर द्वारा प्रसव कराने वाली गर्भवती महिलाओं की मानिटरिंग की जाये। प्रीमेच्योर डिलेवरी की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे पक्षकार शोभा पति सुधीर निवासी-253, महावीर नगर, छोटा बांगड़दा रोड़ इन्दौर, पदमा मिश्रा पति विजेन्द्र प्रकाश मिश्रा निवासी-115, भगतसिंह नगर, सांवेर रोड, बाणगंगा ब्रिज के पास, इन्दौर म.प्र. के नाना जी एवं नानी जी के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि जो कि ग्राम उदयपुरा ग्राम पंचायत उदयनगर तहसील बागली जिला देवास के पटवारी हल्का नंबर 45 सर्वे नंबर 35, खाता नंबर 23/05/06 रकबा 2.02 हेक्टेयर की कृषि भूमि का विक्रय बिना मेरे पक्षकारगण की सहमति से दिलीप कुमार पिता रामनिवास जायसवाल निवासी-458-459 विश्वास नगर बजारी तहसील महू जिला इन्दौर को धोखाधड़ीपूर्वक विक्रय करने का षड़यंत्र कर रहे है। उक्त सौदे में हमारे पक्षकारगण की वैधानिक आपत्ति है। इनका निराकरण किये बिना उक्त सम्पत्ति का विक्रय नहीं किया जा सकता है। सो विदित होवे।

दिनांक 27/02/2026

(देवेन्द्र जैन), हाईकोर्ट एडव्होकेट
19, जिला कोर्ट, केम्पस, इन्दौर (म.प्र.),
मो.नं. 9425318465, 9826047016

SMFG India Credit
Prosperity Kii Raaj! Parivaar

## एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कम्पनी लिमिटेड

कार्पोरेट कार्यालयः दानवीर मॉल्स, कार्यालय क्रमांक 101, 102 एवं 103 2 नार्थ एंडेन्ड, सेक्टर मैनेजरी, बांद्रा कुर्ला कम्पलेक्स, बांद्रा, (ईस्ट) 400051

### अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु विक्रय सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 सहपठित परन्तुक नियम 8 व 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के अनुगर्त 15 दिवस की ई-निविदा विक्रय सूचना

सर्वसाधारण जनता को सामान्य रूप से तथा ऋणीगण एवं जमानतदारों को विशेष रूप से सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित अचल सम्पत्तियां प्रतिभूत लेनदार के समक्ष बंधक/भभार में हैं इन सम्पत्तियों का एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कम्पनी लिमिटेड प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी के द्वारा **भौतिक आधिपत्य** प्राप्त किया जा चुका है, इन सम्पत्तियों को एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कम्पनी लिमिटेड प्रतिभूत लेनदार की निम्न वर्णित ऋणीगणों एवं जमानतदारों की तरफ **दिनांक 03.12.2024 तक बकाया निकल रही राशि रु. 1,13,14,186/- (रुपए एक करोड़ तेरह लाख चौदह हजार एक सौ छियासी सिर्फ)** एवं समुली दिनांक तक राशि पर आगे की अवधि का ब्याज एवं अन्य खर्चों की सम्मिलित कर द्वारा **ऋणीगण एवं जमानतदारों** 1) **आयशान एच, 2) विजय गुप्ता, एवं 3) सुकेश गुप्ता** के **ऋण खाता क्रमांक 258301311405131** पर कुल बकाया राशि की वसूली हेतु **''जो है जहां है'' ''जो भी जैसी है'' एवं ''जो भी कुछ है''** आधार पर **दिनांक 17.03.2026** को प्रातः 11.00 से शेष. 01.00 बजे (प्रत्येक बोली पर 5 मिनट का असीमित विस्तार) की विक्रय किया जायेगा। आरक्षित मूल्य, अमानत जमा राशि (ईएमडी) एवं अमानत जमा राशि जमा करने की अंतिम तिथि भी निम्नानुसार वर्णित है।

संक्षिप्त सम्पत्तियों का आरक्षित मूल्य एवं अमानत जमा राशि नीचे दिए गए वर्णन अनुसार रहेगी। अमानत जमा राशि जमा करने की **अंतिम तिथि 16.03.2026** है।

| अचल सम्पत्तियों का विवरण | आरक्षित मूल्य | ईएमडी |
|---|---|---|
| **सम्पत्ति 1:** भवन/भूखंड जो कि सर्वे नंबर 381/985/मिन-2, 381/986 पैकी, 381/987 पैकी, 381/988 पैकी, 381/989 पैकी पटवारी हल्का क्रमांक 39; वार्ड नं. 02; सरल क्रमांक 229; देवास सीनियर, कुल क्षेत्रफल 4900 वर्गफिट, चर्तुसीमा इस प्रकार है :- पूर्व : अनाज मंडी की दीवार; पश्चिम : उपरोक्त भूखंड का शेष भाग; उत्तर : विक्रेता की भूमि, दक्षिण : सड़क | रुपए 1,13,97,000/- | रुपए 11,39,700/- |
| **सम्पत्ति 2 :** भवन/भूखंड जो कि सर्वे नंबर 381/985/मिन-4, 381/987 पैकी, 381/988 पैकी, 381/988 पैकी, 381/989 पैकी पटवारी हल्का क्रमांक 39; वार्ड नं. 02; सरल क्रमांक 223 देवास सीनियर, तहसील एवं जिला देवास, कुल क्षेत्रफल 2504 वर्गफिट, चर्तुसीमा इस प्रकार है :-पूर्व : कृषि उपज मंडी; पश्चिम : उपरोक्त भूखंड का शेष भाग; उत्तर : उपरोक्त भूखंड का शेष भाग, दक्षिण : सड़क | रुपए 56,14,000/- | रुपए 5,61,400/- |

विक्रय की विस्तृत शर्तें एवं नियमों की जानकारी हेतु, कृपया संपर्क करें - श्री प्रविंस रोजारियो 8655424523, श्री प्रतीक सरफ्लाल 9920157687, श्री प्रतीक दुबे 9826636599 इच्छुक क्रयकर्ता/निविदाकर्ता अमानत जमा राशि (ईएमडी) जमा करने एवं विक्रय की शर्तें एवं नियमों की जानकारी के लिए ये प्रतिभूत लेनदार एसएमएफजी की वेबसाइट www.smfgindiacredit.com पर प्रदत्त लिंक का संदर्भ लेवें।

दिनांक : 28 फरवरी, 2026
स्थान: देवास (म.प्र.)

हस्ता/-प्राधिकृत अधिकारी
एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कम्पनी लिमिटेड